## एक नजर में

### आपदा के समय उपभोक्ताओं को दें संदेश ऊर्जा मंत्री तोमर ने बिजली कंपनियों को दिए निर्देश

**खंडवा।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सभी विद्युत वितरण कंपनियों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ओलावृष्टि और अतिवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं में विद्युत अवरोध होने पर प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ताओं को तुरंत कारण सहित मैसेज भेजकर सूचित करें। एसएमएस में उपभोक्ताओं को यह भी बताया जाए कि कितने समय में विद्युत आपूर्ति बहाल की जा सकेगी। श्री तोमर ने कहा है कि सामान्य दिनों की तुलना में प्राकृतिक आपदाओं के समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

### ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं ने 3 दिन में 149 यूनिट रक्तदान किया

**खण्डवा।** रक्तदान के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीर्थस्थल ओंकारेश्वर में रक्तदान करने पर श्रद्धालुओं को वी.आई.पी. प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन करने की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ पी जुगतावत ने बताया कि शुक्रवार को 35, शनिवार को 60 यूनिट तथा रविवार को 54 यूनिट रक्तदान कर कुल 3 दिनों में कुल 149 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर नि:शुल्क वीआईपी प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन किए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि प्रतिदिन नए झूला पूल के पास स्थित वृद्धाश्रम में रक्तदान की सुविधा उपलब्ध है।

### मित्र मिलन और सम्मान समारोह



**खण्डवा।** स्थानीय कम्युनिटी हॉल नर्मदा नगर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदा नगर के विद्यार्थियों द्वारा मित्र मिलन समारोह और नारायण सिंग चौहान उच्च श्रेणी शिक्षक का सेवा निवृत्ति पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। उपरोक्त कार्यक्रम में नगर के साथ खण्डवा, सनावद, सागर, होशंगाबाद, नरसिंहपुर के सभी पूर्व सहपाठी परिवार के साथ उपस्थित रहे कार्यक्रम मे राखी गुंजाल, शीतल सोनी, राजेश कुमार द्वारा समधुर गीतों की प्रस्तुति दी गईकार्यक्रम मे डॉ संजय निम्भोरकर, टी सी लाड़, संध्या मैडम, श्री डोडे जी का सम्मान शॉल एवं स्मृति चिंन्ह द्वारा किया गया कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सभी के प्रवेश का था जिसमे पुष्पवर्षा, एवं बैंड के साथ सभी सहपाठियों को गुलाब का पुष्प दिया गया। कार्यक्रम पश्चात सहभोज का आयोजन रखा गया कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु श्री योगेश सोनी, संजय राजपूत ,गौरीशंकर शंकर बिलिया, कृषणा अहिरवार ,राजेश गौर का सहयोग रहा मंच संचालन हिमान्शु गंगराड़े द्वारा किया गया

### बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के त्वरित आंकलन के निर्देश दिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने

**खंडवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुई आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के संबंध में कहा है कि किसान भाई चिंता न करें, संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स को मौसम के असमय बदलाव से हुए नुकसान का त्वरित आकलन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में हुई हानि के लिए तत्काल सहायता और राहत उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि गत दिवस प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

### खंडवा के विकास को मिलेगी रफ्तार : विधायक कंचन तनवे की मांगों पर मंत्री लोधी का भरोसा

**खंडवा।** जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का शनिवार को खंडवा दौरा विकास की दृष्टि से अहम रहा। उन्होंने कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की, वहीं राज्यपाल के साथ बड़ौदा अहीर में जननायक टंट्या मामा की जन्मस्थली पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि दौरे के दौरान मंत्री लोधी स्थानीय विधायक कंचन तनवे के बुलावे पर उनके निवास पर पहुंचे, जहां उनका विधायक कंचन तनवे, मुकेश तनवे द्वारा पारंपरिक तिलक कर शाल श्रीफल एवं पुष्प माला से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती तनवे ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत भी किया। इस अवसर पर इस अवसर पर विधायक तनवे ने खंडवा जिले एवं विधानसभा के समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

विधायक ने खंडवा-मूंदी मार्ग के निर्माण की मांग रखते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के लिए जीवनरेखा साबित हो सकती है। लंबे समय से लंबित यह परियोजना पूरी होने पर आवागमन में सुविधा के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

इसके साथ ही उन्होंने शहर के चारों ऐतिहासिक कुंडों के जीर्णोद्धार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इन स्थलों का संरक्षण और सौंदर्यीकरण जरूरी है। यदि इन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए तो खंडवा को एक नई पहचान मिल सकती है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

मंत्री लोधी ने विधायक की मांगों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि खंडवा-मूंदी मार्ग के निर्माण की दिशा में जल्द निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी और लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही उन्होंने ऐतिहासिक कुंडों के जीर्णोद्धार के लिए भी प्रयास जारी होने की बात कही। मंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और पर्यटन विकास को लेकर प्रतिबद्ध है, और खंडवा को इस दिशा में प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि स्वागत के इस कार्यक्रम में विधायक निवास प्रभारी मंत्री श्री लोधी के साथ ही कलेक्टर ऋषव गुप्ता, डीआईजी मनोज राय, जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन गौड़ा, धर्मेंद्र बजाज, हरीश कोटवाले, प्रवक्ता सुनील जैन, अरुण सिंह मुन्ना, सेवादास पटेल, बलदेव मौर्य सहित जिला प्रशासन के अधिकारी और पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

मंत्री के इस दौरे और विधायक की सक्रियता से यह उम्मीद की जा रही है कि खंडवा में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को जल्द गति मिलेगी और शहर को विकास एवं पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिल सकेगी।

# रसूख के नीचे दफन हुए कायदे

## पार्किंग की बलि चढ़ाकर सजाए गए शोरूम




**खंडवा।** शहर के नक्शे पर जो स्थान जनसुविधा और पार्किंग के लिए आरक्षित थे, आज वे रसूखदारों की तिजोरियाँ भरने के केंद्र बन चुके हैं। खंडवा में इन दिनों नियम-कायदों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण का एक ऐसा साम्राज्य खड़ा कर दिया गया है, जिसके आगे जिला प्रशासन और नगर निगम नतमस्तक नजर आ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों की बार-बार की शिकायतों के बावजूद अधिकारियों की आंखों पर बंधी पट्टी हटने का नाम नहीं ले रही है।

शहर की मुख्य सड़कों से लेकर संकरी गलियों तक, मानचित्रों में दिखाई गई पार्किंग की जगह पर आज बेसमेंट में आलीशान शोरूम, गोदाम और दुकानें धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। पड़ावा से लेकर स्टेशन रोड तक का नजारा यह बताने के लिए काफी है कि यहाँ कानून का नहीं, बल्कि 'रसूख' का सिक्का चलता है। प्रशासन के नोटिस केवल कागजी खानापूर्ति बनकर रह गए हैं, जबकि धरातल पर संचालक बेखौफ होकर सार्वजनिक स्थलों का गला घोंट रहे हैं।

सबसे भयावह स्थिति सिविल अस्पताल क्षेत्र, पड़ावा, गिदवानी मार्केट, घंटाघर की है। विडंबना देखिए कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आने वाले गंभीर मरीजों और उनके परिजनों को पार्किंग के लिए वाहन पार्किंग वसूली का शिकार होना पड़ रहा है। जिन व्यावसायिक कॉम्प्लेक्सों को अपनी पार्किंग देनी थी, उन्होंने उस जगह को दुकानों में तब्दील कर दिया है। स्थिति यह है कि जीवन और मृत्यु के बीच जूझ रहे मरीजों को ले जाने वाली एम्बुलेंस भी यहाँ रेंगने को मजबूर है।



**घंटाघर: अधिकारियों की नाक के नीचे 'अंधेरगर्दी' :** शहर का हृदय स्थल कहा जाने वाला घंटाघर आज राजनीतिक रसूखदारों की निजी जागीर बन गया है। यहाँ पार्किंग की सबसे भीषण समस्या है, लेकिन प्रभावशाली लोगों ने सड़कों को घेरकर चौपाटी और अतिक्रमण का जाल बिछा दिया है। इसी मार्ग से प्रतिदिन निगमायुक्त सहित तमाम अधिकारियों का काफिला गुजरता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इन जिम्मेदार अधिकारियों को यह खुला उल्लंघन नजर नहीं आता? या फिर रसूखदारों के ऊंचे संपर्कों ने कानून के हाथ बाँध रखे हैं?

**बड़ा बम और मधुसूदन टावर: नियमों की धज्जियाँ :** अतिक्रमण का यह खेल केवल मुख्य मार्ग तक सीमित नहीं है। बड़ाबम जैसे व्यस्तम मार्ग और मधुसूदन टावर जैसी तंग गलियों में बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान खुलेआम पार्किंग नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। बड़ाबम पर वैशाली जी मार्ट और रामेश्वर रोड़ पर स्थापित अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानो के ग्राहकों के वाहन सड़क पर खड़े होने से यातायात पूरी तरह बाधित रहता है। पड़ावा की पैथोलॉजी लैब और निजी क्लीनिकों ने बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियाँ शुरू कर आम आदमी का पैदल चलना भी दूभर कर दिया है। शहर सरकार का दोहरा मापदंड आम लोगों की समझ से परे है। जब एक गरीब ठेला लगाकर पेट पालने की कोशिश करता है, तो निगम का दस्ता तत्काल सक्रिय हो जाता है। लेकिन जब बात करोड़ों का टर्नओवर करने वाले मॉल और कॉम्प्लेक्सों की आती है, तो कार्रवाई की फाइलें बंद कमरों में दम तोड़ देती हैं। बिना वेंटिलेशन और सुरक्षा मानकों के बेसमेंट में संचालित ये दुकानें न केवल यातायात बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक टाइमबम की तरह हैं। यदि समय रहते इन ऐसे अवैध प्रतिष्ठानों कार्रवाई नहीं हुई, तो शहर की सड़कें कुछ सालों में पूरी तरह 'लॉक' हो जाएंगी और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह सुस्त प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है....

पूर्व में नोटिस दिए जा चुके है। सभी व्यावसायिक बिल्डिंग जहां बेसमेंट में व्यवसाय हो रहा है चिन्हित किए जा चुके है। उचित समय पर कार्रवाई भी होगी

**सचिन सीटोले**
**उपायुक्त नगर निगम, खंडवा**

## भ्रष्टाचार की जांच के बीच अवैध तबादले रद्द, अधीक्षक सस्पेंड

नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** जनजातीय कार्य विभाग में व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ जिला प्रशासन ने के आदेशों ने पूरे महकमे में खलबली मचा दी है। एक ओर जहाँ भ्रष्टाचार की जांच की जद में आए छात्रावास अधीक्षक को निलंबित कर मुख्यालय से दूर फेंक दिया गया है, वहीं दूसरी ओर नियमों को ताक पर रखकर किए गए दर्जनों तबादलों को कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से शून्य घोषित कर दिया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई का केंद्र तत्कालीन सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला के कार्यकाल की वह कार्यप्रणाली है, जो अब जांच दल के निशाने पर है। भ्रष्टाचार की शिकायतों की उच्चस्तरीय जांच को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास के अधीक्षक हेमंत सिन्हा को पद से पृथक कर दिया गया है। प्राथमिक शिक्षक के



मूल पद वाले सिन्हा की भूमिका जांच के दौरान संदिग्ध पाई गई थी, जिसके चलते उन्हें निलंबित कर उनका मुख्यालय विकासखण्ड कार्यालय खालवा नियत किया गया है।

अभी विभाग इस निलंबन की गूंज से संभला भी नहीं था कि कलेक्टर कार्यालय ने मार्च में हुए सभी स्थानांतरण और संलग्नीकरण (अटैचमेंट) आदेशों को रद्द कर दूसरा बड़ा झटका दे दिया। प्रभारी सहायक आयुक्त बजरंग बहादुर सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार तमाम आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बिना ही जारी कर दिए गए थे, जो कि सीधे तौर पर नियम विरुद्ध थे

## इंदिरा ज्योति यात्रा और 'चले रामराज्य की ओर' अभियान का शुभारंभ, रविवार को खंडवा पहुंची यात्रा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** इंदिरा गांधी की विचारधारा और उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'इंदिरा ज्योति यात्रा' एवं 'चले रामराज्य की ओर' संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। प्रेस को संबोधित करते हुए इंदिरा ज्योति सम्यक अभियान प्रमुख भास्कर राव रोकड़े ने इसकी विस्तृत जानकारी दी।

बताया गया कि 12 जुलाई 2024 को केंद्र सरकार द्वारा 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित किए जाने के बाद देशभर में राजनीतिक हलचल तेज हुई। इसी क्रम में इंदिरा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है।

अभियान के तहत इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती को 'संघर्ष



वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में छोटे-बड़े 108 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भोपाल में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित कर अभियान का शुभारंभ किया गया।

इंदिरा ज्योति यात्रा जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य पल्लवी राज बहादुर सिंह के कहा को चार वर्षीय अभियान मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में संचालित होगा। इंदिरा ज्योति यात्रा 6 जनवरी 2026 को छिंदवाड़ा से प्रारंभ होकर प्रदेश के सभी जिलों में भ्रमण कर रही है और विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अभियान का उद्देश्य इंदिरा गांधी के कार्यों, विचारों और उनके क्रांतिकारी निर्णयों को घर-घर तक पहुंचाना है। साथ ही युवाओं, महिलाओं और किसानों को जोड़कर सामाजिक व राजनीतिक जागरूकता बढ़ाना भी इसका प्रमुख लक्ष्य बताया गया।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि जिले में अभियान के समन्वयक की जिम्मेदारी गजेंद्र सिंह सोलंकी को सौंपी गई है। आगामी दिनों में जिले में इंदिरा ज्योति यात्रा के तहत विभिन्न आयोजन किए जाएंगे, जिनका समापन 31 मई को सागर में होगा।

कार्यक्रम में सम्यक अभियान प्रमुख भास्कर राव रोकड़े,इंदिरा ज्योति अभियान अध्यक्ष पल्लवी राजबहादुर सिंह,गजेंद्र सिंह सोलंकी,ओंकार पटेल,सुनील आर्य,अर्ष पाठक, आलोक सिंह रावत, दीपक मुल्लू राठौर, राजकुमार कैथवास, जिला पंचायत सदस्य मनोज भरतकर, नानकराम बड़वाहे, जितेंद्र सिंह चौहान, अय्यूब लाला, मनोज मंडलोई, शब्बीर कादरी,तारिक पटेल, नासिर खान,श्रीराम पटेल, विकास व्यास ,उदय सोनी सहित अन्य कांग्रेसजन मोजूद थे।

## खंडवा एडवोकेट पैंथर ने खंडवा रेलवे टीम को 4 विकेट से हराकर जीता रोमांचक फाइनल

**खण्डवा।** जिलाधियोग दर्शन खंडवा एवं एडवोकेट चैलेंजर्स टीम के संयुक्त तत्वाधान में विगत तीन दिनों से चल रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आज अंतिम फाइनल मुकाबला खंडवा एडवोकेट पैंथर एवं रेलवे टीम के मध्य एसएन कॉलेज ग्राउंड पर शाम 5:00 बजे संपन्न हुआ।

बेहद रोमांचक मुकाबले में पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए रेलवे टीम ने 132 रन का विशाल स्कोर 10 ओवर में खड़ा कर खंडवा एडवोकेट टीम को बड़ा लक्ष्य दिया, जिसका पीछा करते हुए खंडवा वकीलों की टीम ने चार विकेट और तीन गेंद शेष रहते बेहद रोमांचक परिस्थितियों में जीत लिया।

एडवोकेट प्रिंटर्स के कप्तान नवीन हनवे ने बेहद शानदार प्रदर्शन किया।

विजेता और उपविजेता टीम सहित मैच में सर्वश्रेष्ठ बोलिंग बैटिंग क्षेत्ररक्षण व अन्य पुरस्कार खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि



विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे व विशेष अथिति महापौर अमृता यादव, बार अध्यक्ष रविन्द्र पाथरिकर,देवेंद्र सिंह यादव, अरुण दुबे,मोहन गंगराड़े,प्रणेन्द्र रांका महेश मालाकार ने प्रदान किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रणय गुप्ता व आभार अजय मालवीय ने किया।

अतिथियों का स्वागत कमेटी के गजेन्द्र बरकले, अमित राठौर, जसवंत परमार,शिवांग तिवारी, हिमांशु बामने, तनवीर सोहेल, पंकज महाले जतिन हिंगोरानी, एम जुबेर शादाब हमीद, सुनील चंदेल, विक्रम लश्करी, मनीष मौर्य सुधीर मिश्रा दुर्गेश तिवारी शिव बरिया मौसम गंगराड़े, राजेंद्र ठाकुर संजय जायसवाल, स्वेता ठाकुर, पुष्पा गौर, किरण तंवर ने किया।

## श्री पूज्य सिंधी पंचायत की बैठक संपन्न, कार्यकारिणी की हुई घोषणा



**खंडवा।** श्री पूज्य सिंधी पंचायत की एक विशिष्ट महत्वपूर्ण कार्यसमिति बैठक नवनिर्मित सिंधु भवन सभागृह में रखी गई,जिसमें सिंधु भवन के निर्माण कार्य को विस्तार एवं गति देने हेतु आगामी एक वर्ष तक के लिए मेठाराम पिंजानी का नाम अध्यक्ष पद हेतु अनिल आरतानी ने रखा, जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की।

अध्यक्ष मेठाराम पिंजानी ने मोहन दीवान को कार्यवाहक अध्यक्ष घोषित किया, वहीं शेष कार्यकारिणी के पदों पर इस प्रकार मनोनयन किया गया।इसमें उपाध्यक्ष अशोक नावानी,मुकेश चंचलानी, राजेश परचानी,सचिव श्याम हेमवानी,सह सचिव किशोर लालवानी और महेश चंदवानी,कोषाध्यक्ष मनोहरलाल संतवानी, ऑडिटर किशनचंद कोटवानी,संरक्षक सुंदरदास फतवानी,गोपालदास पमनानी और डॉक्टर जी एल हिंदूजा,विशेष सलाहकार नरेंद्र कुमार लधानी,अनिल कुमार आरतानी और घनश्यामदास संतवानी बनाए गए, वहीं प्रवक्ता कमल नागपाल को बनाया गया।ताराचंद जेठवानी,शत्रुघ्न वासवानी,राजेश वाधवा,राम वासवानी,मनोज गेलानी, कमलेश पमनानी,जयपाल लालवानी,लक्ष्मणदास नचनानी,संजय सभनानी, मूलचंद फतवानी,साधु लखानी,राजू तीर्थानी,द्वारका मोहनानी,चंद्रलाल वाधवा, घनश्याम वाधवा,दीपू सीतलानी,शेखर चंदवानी सहयोगी सदस्य मनोनीत किए गए।



## 81 फीट ऊंचे बालाजी दर्शन अब हुए और भी सुलभ

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** निमाड़ अंचल की धार्मिक विरासत में आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर स्थित दिव्य बालाजी नगर में स्थापित भगवान तिरुपति बालाजी की गगनचुंबी 81 फीट ऊंची प्रतिमा तक श्रद्धालुओं की पहुंच को आसान बनाने के लिए अत्याधुनिक लिफ्ट का भव्य लोकार्पण किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर किया गया।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने में बालाजी ग्रुप के संस्थापक रितेश गोयल की दूरगामी सोच और समर्पण का विशेष योगदान रहा है। प्रतिमा की विशालता और ऊंचाई को देखते हुए बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगजनों को दर्शन करने में आ रही व्यवहारिक समस्याओं को समझते हुए इस लिफ्ट की स्थापना की गई। रितेश गोयल ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल एक भव्य स्मारक बनाना नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि हर भक्त बिना किसी शारीरिक कष्ट के भगवान के चरणों तक पहुंच सके। अब यह 81 फीट की ऊंचाई केवल भक्ति का शिखर नहीं, बल्कि सुलभ दर्शन का केंद्र भी बन गई है।

उद्घाटन समारोह के दौरान पूरा परिसर भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। मंत्री कुंवर विजय शाह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर आधुनिक सुविधाओं का समावेश आस्था को और अधिक प्रगाढ़ बनाता है। उन्होंने रितेश गोयल और उनकी टीम को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने इस नई सुविधा को क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात बताया। यह पहल न केवल खंडवा और आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं के लिए सुविधा लेकर आई है, बल्कि इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर पर्यटन की दृष्टि से भी इसे एक मील का पत्थर माना जा रहा है। आने वाले समय में यह स्थल धार्मिक पर्यटन के एक बड़े केंद्र के रूप में उभरेगा, जिससे स्थानीय रोजगार और विकास को भी नई गति मिलेगी। श्रद्धालुओं ने भी इस सुविधा का लाभ लेते हुए हर्ष जताया और इस विशेष प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।